मतदान बूथ का मेहंदी रचाकर महिलाओं ने कहा 17 नवंबर जरूर करे मतदान

भिलाईनगर। हाथों में मेहंदी लगाकर महिलाओं और युवतियों ने 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए। शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर भिलाई निगम के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को श्रीराम चौक खुर्सीपार स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं ने निर्वाचन विषयों पर हाथों में मेहंदी उकेरी। दोपहर 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवती शामिल हुई जिन्होंने मतदान हमारा अधिकार है , देश के विकास में मतदान जरूरी है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे मेहंदी से उकेरे तो किसी ने मतदान बूथ , वोटिंग मशीन, चुनाव का सिंबाल, वोट फाॅर फ्यूचर की आकृति मेहंदी रचाकर हर एक वोट के महत्व को बताते हुए 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए।

भिलाई निगम आयुक्त एवं भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर रोहित व्यास के निर्देश पर नवरात्र अर्थात 15अक्टूबर से ही जागरूकता अभियान की शुरूआत करते हुए लगातार 9 दिन तक अलग अलग वर्गों को नवरात्र के 9 संकल्प के तहत मतदान करने शपथ दिलाई गई। दूसरें चरण में समाज के सभी वर्गो को ध्यान रखते हुए कहीं बाईक रैली, कहीं दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मनोरंजक तरीके मतदाओं को जागरूक करने गीत-संगीत , मशाल यात्रा , रंगोली, दीपोत्सव जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

बनाएंगे मानव श्रृंखला -

1 नवंबर को सेन्ट्रल एवेन्यू में सायकल रैली , 2 नवंबर को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा भिलाई के विभिन्न मोहल्लों में मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। 3 नवंबर को सेन्ट्रल एवेन्यू मार्ग पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी तथा मतदाताओं को जागरूक करने दौड़ का आयोजन होगा। 4 नवंबर को बाईक रैली, 5 नवंबर को विधानसभा अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में श्रमदान , 6 नवंबर को सिविक सेंटर में निर्वाचन के थीम पर कल्चरल इवनिंग आयोजित होगा। 7 नवंबर की शाम को मशाल यात्रा निकाली जाएगी। 8 नवंबर को महिलाओं एवं युवतियों के द्वारा मतदान विषय को लेकर रंगोली बनाई जाएगी तथा 9 नवंबर की शाम को दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।